**आकाशवाणी शिमला**

**05.10.2023 / प्रादेशिक समाचार बुलेटिन / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–आपदा में सुरक्षा के लिए कड़े कानून बनाएगी प्रदेश सरकार।
- राज्य सरकार ने इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत परिवार नियोजन अपनाने वाले परिवारों की प्रोत्साहन राशि में की बढ़ोतरी।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने देश की सबसे अधिक उंचाई से गुजरने वाली रैली ऑफ हिमालयाज़ को लाहौल स्पिति के सिस्सु से किया रवाना।
- 25वीं अखिल भारतीय इंटर स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता कुफरी में शुरू–देशभर से अढ़ाई हजार से अधिक प्रतिभागी ले रहे भाग।

**सीएम**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार आपदा से लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में कड़ा कानून बनाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में गृह निर्माण के लिए स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग की अनुमति और भूमि के भार वहन करने की क्षमता का पता लगाने के साथ–साथ जल निकासी की समुचित व्यवस्था पर कानून बनाया जाएगा। वे आज शिमला में हिमाचल प्रदेश के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में भूकम्प और भू–स्खलन जैसे भौगोलिक खतरों से उत्पन्न चुनौतियां, विषय पर राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में इस बार बरसात में भारी बारिश, बादल फटने और बांधों से अत्याधिक पानी छोड़े जाने के कारण बहुत अधिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि लोगों को सुरक्षा के दृष्टिगत नालों से समुचित दूरी पर घर बनाने और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पहाड़ों में सड़क निर्माण के लिए अधिक से अधिक सुरंगें बनाने पर बल दिया ताकि भू–स्खलन के खतरे को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि भविष्य में आपदा से निपटने के लिए राज्य सरकार 8 सौ करोड़ रुपये की एक दीर्घकालीन परियोजना पर भी विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यशाला के दौरान प्राप्त सुझावों को राज्य सरकार अपनी नीति में उचित अधिमान देगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लायंस क्लब इंटरनेशनल फांऊडेशन की ओर से आपदा प्रभावितों के लिए कम्बल और राशन के तीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**सुक्खू**

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज शिमला में आयोजित गर्भधारण पूर्व व प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 के तहत दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लड़कियों के प्रति समाज की मानसिकता बदल रही है जिसमें 73वें और 74वें संविधान संशोधन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने से अब महिलाओं को विधानसभा व संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत एक बेटी के बाद परिवार नियोजन अपनाने वाले परिवार को मिलने वाली 35 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 2 लाख करने और 2 बेटियों के बाद 25 हजार रूपए की राशि को बढ़ाकर एक लाख रूपए करने की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पी.सी. एण्ड पी.एन.डी.टी. अधिनियम के तहत सोनोग्राफी मशीन का पंजीकरण कराने के लिए ऑनलाईन पंजीकरण प्रणाली का शुभारम्भ भी किया। उन्होंने भ्रूण हत्या रोकने को लेकर बेहतर काम करने के लिए भरमौर, ननखड़ी और जंजैहली ब्लॉक को सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने भ्रूण जांच करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने पर बल दिया।

**सुखविंदर**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के सहयोग से जिला कांगड़ा के डगवार में डेढ़ लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता का अत्याधुनिक पूर्ण रूप से स्वचालित दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जाएगा। उन्होंने आज शिमला में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के प्रथम चरण में एक सौ 80 करोड़ रुपये के निवेश से संयंत्र का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दूध खरीद प्रणाली को मजबूत करने के लिए 43 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस प्लांट के निर्माण संबंधी कार्य को डेढ़ वर्ष के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य के लोगों को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वे आज किन्नौर जिले के रिकांगपिओ में जिला योजना विकास व 20 सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मनरेगा, स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी कई योजनाओं के माध्यम से लोगों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है।

**मुकेश अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने देश की सबसे अधिक उंचाई से गुजरने वाली दूसरी रैली ऑफ हिमालयाज़ को आज लाहौल स्पिति जिले के सिस्सु हैलीपैड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में हिमाचल सहित अन्य राज्यों व विदेशों से 51 बाईकर और 24 वाहन चालक हिस्सा ले रहे हैं। ये रैली आज सिस्सु से वाया कोकसर, ग्राम्फू, छतड़ू, बातल और कुंजुम दर्रा होकर काज़ा पहुंचेगी। दूसरे दिन ये रैली काज़ा, हिक्किम, लंगजा, डैमुल और दुनिया के सबसे उंचे गांव कौमिक पहुंचेगी और अंतिम दिन 7 अक्तूबर को ये रैली काजा से मनाली रवाना होगी। मुकेश अग्निहोत्री ने रैली के आयोजकों को दो लाख रूपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की। इससे पहले उपमुख्यमंत्री ने गोंदला पंचायत के थोरंग, टिलिंग और फुक्तल गांव के लोगों के लिए 7 करोड़ 15 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सिंचाई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस अवसर पर मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जनजातीय और दुर्गम इलाकों में विकास को लेकर वर्तमान सरकार गम्भीर है और कांग्रेस सरकार हमेशा पिछड़े, दलितों और जनजातीय लोगों के हितों को प्राथमिकता दे रही है।

**अनिरूद्ध**

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने शिमला के समीप कुफरी में आयोजित 25वीं अखिल भारतीय कुमार सुरेन्द्र सिंह इंटर स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। भारतीय राष्ट्रीय राईफल संघ व हिमाचल राज्य राईफल संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ये प्रतियोगिता 14 अक्तूबर तक चलेगी। इस अवसर पर अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि शिमला में इतनी बड़ी शूटिंग प्रतियोगिता करवाना दोनों संघों का सराहनीय प्रयास है जो प्रदेश के लिए भी गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भारी बरसात से आई आपदा के बाद पर्यटकों की आवाजाही रूक गई थी लेकिन इस प्रतियोगिता के माध्यम से स्थानीय कारोबारियों की आर्थिकी में बढ़ौतरी होगी। इस 10 मीटर शूटिंग व पिस्टल प्रतियोगिता में पूरे देशभर से 2 हजार 5 सौ 88 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा ने कहा है कि हिमाचल में आई आपदा से उभरने के लिए केन्द्र सरकार पर्याप्त मदद कर रही है। धर्मशाला में एक संयुक्त प्रेस वार्ता में भाजपा नेता विपिन सिंह परमार, विधायक विक्रम ठाकुर और राकेश पठानिया ने कहा कि प्रदेश में आपदा से हुए नुकसान का केन्द्रीय कमेटियां आकलन कर रही हैं जिसके मुताबिक ही

केन्द्र सरकार धनराशि जारी करेगी। भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश से उद्योग पलायन कर रहे हैं और पूर्व भाजपा सरकार के समय उद्योगों को मिलने वाली सब्सिडी की अधिसूचना को भी मौजूदा सरकार ने रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोड़ टैक्स भी अन्य राज्य के मुकाबले 10 गुणा बढ़ा दिया गया है और कांगड़ा जिले में क्रशर बंद होने से करीब 20 हजार लोग बेरोजगार हो गए हैं। इस बीच भाजपा प्रवक्ता बलबीर वर्मा ने केन्द्र सरकार द्वारा उज्जवला योजना में दी जाने वाली सब्सिडी में वृद्धि के निर्णय के लिए मोदी सरकार का आभार जताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार जहां हर वर्ग को राहत देने का काम कर रही है वहीं प्रदेश में कांग्रेस सरकार अपने निर्णयों से जनता को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही।

**<u>प्रतिभा सिंह</u>**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद प्रतिभा सिंह ने भाजपा पर संकट की इस घड़ी में राजनीति करने का आरोप लगाया है। मण्डी जिला के बल्ह विधानसभा क्षेत्र के कंसा चौक में आपदा से प्रभावित लोगों की समस्याएं सुनने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल में आपदा से निपटने के लिए न तो केन्द्र सरकार और न ही प्रदेश भाजपा के नेता कोई मदद कर रहे हैं। प्रतिभा सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने प्रदेश सहित मण्डी संसदीय क्षेत्र में रिकार्ड तोड़ विकास कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार चुनाव के दौरान किए गए सभी वायदों को चरणबद्ध ढंग से पूरा करेगी।